| SUBJECT CODE | SUBJECT | PAPER |
|---|---|---|
| **A-12-03** | **HINDI** | **III** |

| HALL TICKET NUMBER | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |

| OMR SHEET NUMBER | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

| QUESTION BOOKLET NUMBER |
|---|
| |

| DURATION | MAXIMUM MARKS | NUMBER OF PAGES | NUMBER OF QUESTIONS |
|---|---|---|---|
| 2 HOUR 30 MINUTES | 150 | 16 | 75 |

This is to certify that, the entries made in the above portion are correctly written and verified.

**Candidate's Signature** **Name and Signature of Invigilator**

### Instructions for the Candidates

1. Write your Hall Ticket Number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of seventy five multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested **<u>to open the booklet and compulsorily examine it as below</u>** :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered in the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example** : (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Answer Sheet given to you**. If you mark at any place other than in the circle in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the OMR Answer Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. **The candidate must handover the OMR Answer Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily** and must not carry it with you outside the Examination Hall. The candidate is allowed to take away the carbon copy of OMR Sheet and used Question paper booklet at the end of the examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

### అభ్యర్థులకు సూచనలు

1. ఈ పుట పై భాగంలో ఇవ్వబడిన స్థలంలో మీ హాల్ టికెట్ నంబరు రాయండి.
2. ఈ ప్రశ్న పత్రము డెబ్బైఐదు బహుళైచ్ఛిక ప్రశ్నలను కలిగి ఉంది.
3. పరీక్ష ప్రారంభమున ఈ ప్రశ్నాపత్రము మీకు ఇవ్వబడుతుంది. మొదటి ఐదు నిమిషములలో <u>ఈ ప్రశ్నాపత్రమును తెరిచి కింద తెలిపిన అంశాలను తప్పనిసరిగా సరిచూసుకోండి</u>.
   (i) ఈ ప్రశ్న పత్రమును చూడడానికి కవర్‌పేజి అంచున ఉన్న కాగితపు సీలును చించండి. స్టిక్కర్ సీలులేని మరియు ఇదివరకే తెరిచి ఉన్న ప్రశ్నాపత్రమును మీరు అంగీకరించవద్దు.
   (ii) **కవరు పేజి పై ముద్రించిన సమాచారం ప్రకారం ఈ ప్రశ్నపత్రములోని పేజీల సంఖ్యను మరియు ప్రశ్నల సంఖ్యను సరిచూసుకోండి. పేజీల సంఖ్యకు సంబంధించి గానీ లేదా సూచించిన సంఖ్యలో ప్రశ్నలు లేకపోవుట లేదా నిజప్రతి కాకపోవుట లేదా ప్రశ్నలు క్రమపద్ధతిలో లేకపోవుట లేదా ఏవైనా తేడాలుండుట వంటి దోషపూరితమైన ప్రశ్న పత్రాన్ని వెంటనే మొదటి ఐదు నిమిషాల్లో పరీక్షా పర్యవేక్షకునికి తిరిగి ఇచ్చివేసి దానికి బదులుగా సరిగ్గా ఉన్న ప్రశ్నపత్రాన్ని తీసుకోండి. తదనంతరం ప్రశ్నపత్రము మార్చబడదు అదనపు సమయం ఇవ్వబడదు.**
   (iii) పై విధంగా సరిచూసుకొన్న తర్వాత ప్రశ్నాపత్రం సంఖ్యను OMR పత్రము పై అదేవిధంగా OMR పత్రము సంఖ్యను ఈ ప్రశ్నాపత్రము పై నిర్దిష్టస్థలంలో రాయవలెను.
4. ప్రతి ప్రశ్నకు నాలుగు ప్రత్యామ్నాయ ప్రతిస్పందనలు (A), (B), (C) మరియు (D) లుగా ఇవ్వబడ్డాయి. ప్రతిప్రశ్నకు సరైన ప్రతిస్పందనను ఎన్నుకొని కింద తెలిపిన విధంగా OMR పత్రములో ప్రతి ప్రశ్నా సంఖ్యకు ఇవ్వబడిన నాలుగు వృత్తాల్లో సరైన ప్రతిస్పందనను సూచించే వృత్తాన్ని బాల్ పాయింట్ పెన్‌తో కింద తెలిపిన విధంగా పూరించాలి.
   **ఉదాహరణ :** (A) (B) ● (D)
   (C) సరైన ప్రతిస్పందన అయితే
5. ప్రశ్నలకు ప్రతిస్పందనలను ఈ ప్రశ్నపత్రముతో ఇవ్వబడిన OMR పత్రము పైన ఇవ్వబడిన వృత్తాల్లోనే పూరించి గుర్తించాలి. అలాకాక సమాధాన పత్రంపై వేరొక చోట గుర్తిస్తే మీ ప్రతిస్పందన మూల్యాంకనం చేయబడదు.
6. ప్రశ్న పత్రము లోపల ఇచ్చిన సూచనలను జాగ్రత్తగా చదవండి.
7. చిత్తుపనిని ప్రశ్నపత్రము చివర ఇచ్చిన ఖాళీస్థలములో చేయాలి.
8. OMR పత్రము పై నిర్ణీత స్థలంలో సూచించవలసిన వివరాలు తప్పించి ఇతర స్థలంలో మీ గుర్తింపును తెలిపే విధంగా మీ పేరు రాయడం గానీ లేదా ఇతర చిహ్నాలను పెట్టడం గానీ చేసినట్లయితే మీ అనర్హతకు మీరే బాధ్యులవుతారు.
9. **పరీక్ష పూర్తయిన తర్వాత మీ OMR పత్రాన్ని తప్పనిసరిగా పరీక్ష పర్యవేక్షకుడికి ఇవ్వాలి.** వాటిని పరీక్ష గది బయటకు తీసుకువెళ్ళకూడదు. పరీక్ష పూర్తయిన తరువాత అభ్యర్థులు ప్రశ్న పత్రాన్ని, OMR పత్రం యొక్క కార్బన్ కాపీని తీసుకువెళ్ళవచ్చు.
10. **నీలి/నల్ల రంగు బాల్ పాయింట్ పెన్ మాత్రమే ఉపయోగించాలి.**
11. **లాగరిథమ్ టేబుల్స్, క్యాలిక్యులేటర్‌లు, ఎలక్ట్రానిక్ పరికరాలు మొదలగునవి పరీక్షగదిలో ఉపయోగించడం నిషేధం.**
12. **తప్పు సమాధానాలకు మార్కుల తగ్గింపు లేదు.**

DO NOT WRITE HERE

# HINDI
## Paper – III

1. ''शेरशाह दिल्ली सुलतानू। चारहु खंड तपै जस भानू।।
ओही काज राज औ पाटू। सब राजा भुइं धरा ललाटू''–
किस कृति की पंक्तियाँ हैं ?
(A) पद्मावत (B) मधुमालती
(C) अखरावट (D) अनुराग बाँसुरी

2. 'काव्य में लोकमंगल की साधनावस्था' निबंध के लेखक हैं
(A) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(B) श्यामसुंदर दास
(C) गुलाबराय
(D) रामचन्द्र शुक्ल

3. 'ब्रह्मसूत्र भाष्य' के ग्रंथकार हैं
(A) वल्लभाचार्य (B) मध्वाचार्य
(C) शंकराचार्य (D) निंबार्काचार्य

4. 'रासपंचाध्यायी' के रचनाकार हैं
(A) छीतस्वामी (B) कुंभनदास
(C) नन्ददास (D) चतुर्भुजदास

5. 'कृष्णदास' किसके शिष्य थे ?
(A) रामानन्द (B) शंकराचार्य
(C) सूरदास (D) वल्लभाचार्य

6. 'राधावल्लभ' संप्रदाय के प्रवर्तक हैं
(A) गोविन्दस्वामी (B) गोसाईं हित हरिवंश
(C) गदाधर भट्ट (D) स्वामी हरिदास

7. रसखान की काव्यकृति है
(A) सुखमंजरी (B) युगलशतक
(C) प्रेमवाटिका (D) राधासुधानिधि

8. ''अमिय हलाहल मदभरे, सेत स्याम रतनार।
जियत मरत झुकि–झुकि परत, जेहि चितवत इक बार।।–
किसकी पंक्तियाँ हैं ?
(A) बिहारी (B) रसलीन
(C) देव (D) घनानंद

9. घनानंन्द की रचना नहीं है
(A) सुजान सागर (B) विरहलीला
(C) रसकेलिवल्ली (D) छत्रप्रकाश

10. महावीरप्रसाद द्विवेदी का काव्य संग्रह है
(A) मुकुल (B) पथिक
(C) झंकार (D) काव्य मंजूषा

11. मैथिलीशरण गुप्त की रचना नहीं है
(A) भारत भारती (B) रंग में भंग
(C) सामधेनी (D) पंचवटी

12. 'अकहानी आंदोलन' से जुड़े कहानीकार हैं
(A) कमलेश्वर (B) गंगाप्रसाद विमल
(C) महीप सिंह (D) भीष्म साहनी

13. 'फैंटेसी' का सर्वाधिक प्रयोग किस कवि की कविताओं में मिलता हैं ?
(A) अज्ञेय
(B) मुक्तिबोध
(C) धूमिल
(D) केदारनाथ अग्रवाल

14. मिथकीय चेतना के प्रतिनिधि कवि हैं
(A) कुँवर नारायण (B) त्रिलोचन शास्त्री
(C) नागार्जुन (D) लीलाधर जगूड़ी

15. सुभद्राकुमारी चौहान द्वारा रचित काव्य संग्रह है
(A) मानसी (B) झरना
(C) मुकुल (D) प्रेमपथिक

16. निरालाकृत 'राम की शक्ति पूजा' का आधार ग्रंथ है
(A) तुलसी रामायण
(B) कृत्तिवास रामायण
(C) वाल्मीकि रामायण
(D) विश्वनाथ रामायण

17. जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित अधूरा रह गया उपन्यास है
(A) मंगल सूत्र (B) चंद्रकांता
(C) जयवर्धन (D) इरावती

18. अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' की रचना नहीं है
(A) प्रिय प्रवास (B) पद्य प्रसून
(C) द्वापर (D) वैदेही वनवास

19. मुकुटधर पाण्डेय का संबंध किस वाद से है ?
(A) छायावाद (B) प्रयोगवाद
(C) प्रगतिवाद (D) नकेनवाद

20. माखनलाल चतुर्वेदी ने किस पत्रिका का संपादन नहीं किया ?
(A) प्रभा (B) मतवाला
(C) प्रताप (D) कर्मवीर

21. 'निर्वैयक्तिकतावाद' के प्रतिपादक हैं
(A) अरस्तू (B) प्लेटो
(C) वाल्टर पेटर (D) टी. एस. इलियट

22. काव्यशास्त्र में इन्हें शब्द शक्तियाँ कहा जाता है
(A) लक्षणा, भावना, तात्पर्य
(B) ओज, माधुर्य, प्रसाद
(C) अभिधा, लक्षणा, व्यंजना
(D) आसक्ति, आकांक्षा, नियताप्ति

23. 'काशी का अस्सी' के रचनाकार हैं
(A) दूधनाथ सिंह (B) काशीनाथ सिंह
(C) नामवर सिंह (D) महीप सिंह

**24.** अस्तित्व वाद का संबंध किससे है ?

(A) कीर्केगार्द (B) एमिल ज़ोला

(C) काण्ट (D) एजरा पाउण्ड

**25.** भारतीय आचार्यों के अनुसार काव्य हेतु हैं

(A) परिणाम, बुद्धि, औदात्य

(B) स्मृति, मति, गति

(C) प्रतिभा, व्युत्पत्ति, अभ्यास

(D) व्याकरण, अवलोकन, अनुसंधान

**26.** 'विभावानुभावव्यभिचारि संयोगाद्रस निष्पत्ति:' – किसकी उक्ति है ?

(A) मम्मट (B) भामह

(C) भरत मुनि (D) रुद्रट

**27.** 'अल्मा कबूतरी' की लेखिका हैं

(A) मैत्रेयी पुष्पा (B) मन्नू भंडारी

(C) अलका सरावगी (D) चित्रा मुद्गल

**28.** बिंबवादी विचार धारा के प्रवर्तक किसे माना जाता है ?

(A) टी. एस. इलियट (B) टी. ई. हुल्मे

(C) सी. एम. बावरा (D) हरबर्ट रीड

**29.** ''कला, प्रकृति और जगत का पुन: प्रस्तुतिकरण है'' – किसका कथन है ?

(A) लोंजाइनस (B) प्लेटो

(C) अरस्तू (D) होरैस

**30.** 'कला सत्य से तिगुनी दूर है।' – किसका कथन है ?

(A) सुकरात (B) प्लेटो

(C) होरैस (D) अरस्तू

**31.** जैनेन्द्र के उपन्यासों का प्रकाशन वर्ष के अनुसार सही अनुक्रम है

(A) सुनीता, परख, कल्याणी, त्याग पत्र

(B) त्याग पत्र, कल्याणी, सुनीता, परख

(C) कल्याणी, सुनीता, त्याग पत्र, परख

(D) परख, सुनीता, त्याग पत्र, कल्याणी

**32.** भगवतीचरण वर्मा के उपन्यासों का प्रकाशन वर्ष के अनुसार सही अनुक्रम है

(A) चित्रलेखा, टेढ़े-मेढ़े रास्ते, भूले बिसरे चित्र, रेखा

(B) टेढ़े-मेढ़े रास्ते, भूले बिसरे चित्र, रेखा, चित्रलेखा

(C) रेखा, चित्रलेखा, भूले बिसरे चित्र, टेढ़े-मेढ़े रास्ते

(D) भूले बिसरे चित्र, टेढ़े-मेढ़े रास्ते, रेखा, चित्रलेखा

**33.** इलाचन्द्र जोशी के उपन्यासों का प्रकाशन वर्ष के अनुसार सही क्रम है

(A) पर्दे की रानी, लज्जा, निर्वासिता, जहाज का पंछी

(B) जहाज का पंछी, लज्जा, निर्वासिता, पर्दे की रानी

(C) लज्जा, पर्दे की रानी, निर्वासिता, जहाज का पंछी

(D) निर्वासिता, पर्दे की रानी, लज्जा, जहाज का पंछी

34. नागार्जुन के उपन्यासों का प्रकाशन वर्ष के अनुसार सही क्रम है

(A) बलचनमा, इमरतिया, वरुण के बेटे, रतिनाथ की चाची

(B) इमरतिया, रतिनाथ की चाची, वरुण के बेटे, बलचनमा

(C) वरुण के बेटे, बलचनमा, रतिनाथ की चाची, इमरतिया

(D) रतिनाथ की चाची, बलचनमा, वरुण के बेटे, इमरतिया

35. भीष्म साहनी के नाटकों का प्रकाशन वर्ष के अनुसार सही क्रम है

(A) कबिरा खड़ा बाजार में, हानूश, मुआवजे, माधवी

(B) हानूश, कबिरा खड़ा बाजार में,माधवी,मुआवजे

(C) माधवी, मुआवजे, कबिरा खड़ा बाजार में,हानूश

(D) मुआवजे, हानूश,कबिरा खड़ा बाजार में,माधवी

36. प्रकाशन वर्ष के अनुसार जयशंकर प्रसाद के नाटकों का सही क्रम है

(A) राज्यश्री, अजातशत्रु, चन्द्रगुप्त, ध्रुवस्वामिनी

(B) अजातशत्रु, चन्द्रगुप्त,ध्रुवस्वामिनी, राज्यश्री

(C) चन्द्रगुप्त, राज्यश्री, अजातशत्रु, ध्रुवस्वामिनी

(D) ध्रुवस्वामिनी, अजातशत्रु, राज्यश्री, चन्द्रगुप्त

37. प्रकाशन वर्ष के अनुसार रामधारी सिंह 'दिनकर' की रचनाओं का सही अनुक्रम है

(A) सामधेनी , रेणुका, हुँकार, प्रणभंग

(B) रेणुका, प्रणभंग, हुँकार, सामधेनी

(C) प्रणभंग, रेणुका, हुँकार, सामधेनी

(D) हुँकार, प्रणभंग, सामधेनी, रेणुका

38. प्रकाशन वर्ष के अनुसार 'अज्ञेय' की काव्य कृतियों का सही क्रम है

(A) बावरा अहेरी, इत्यलम,भग्नदूत, चिंता

(B) भग्नदूत, चिंता, इत्यलम, बावरा अहेरी

(C) चिंता, इत्यलम, भग्नदूत, बावरा अहेरी

(D) इत्यलम, बावरा अहेरी, भग्नदूत, चिंता

39. जन्म वर्ष के अनुसार 'छायावादी निम्नलिखित कवियों का सही अनुक्रम है

(A) महादेवी, पंत, निराला, प्रसाद

(B) निराला, महादेवी, प्रसाद, पंत

(C) प्रसाद, निराला, पंत, महादेवी

(D) पंत, प्रसाद, महादेवी, निराला

40. कमलेश्वर के निम्नलिखित उपन्यासों का प्रकाशन वर्ष के अनुसार सही अनुक्रम है

(A) डाक बंगला, काली आँधी, आगामी अतीत, कितने पाकिस्तान

(B) काली आँधी, आगामी अतीत, कितने पाकिस्तान, डाक बंगला

(C) आगामी अतीत, डाक बंगला, कितने पाकिस्तान, काली आँधी

(D) कितने पाकिस्तान, काली आँधी, आगामी अतीत, डाक बंगला

**41.** कालक्रम के अनुसार निम्नलिखित आचार्यों का सही अनुक्रम है

(A) शंकराचार्य, रामानुजाचार्य, मध्वाचार्य, वल्लभाचार्य

(B) मध्वाचार्य, वल्लभाचार्य, रामानुजाचार्य, शंकराचार्य

(C) रामानुजाचार्य, शंकराचार्य, वल्लभाचार्य, मध्वाचार्य

(D) वल्लभाचार्य, शंकराचार्य, मध्वाचार्य, रामानुजाचार्य

**42.** कालक्रमानुसार पाश्चात्य काव्य शास्त्रियों का सही अनुक्रम है

(A) अरस्तू , प्लेटो, लोंजाइनस, टी. एस. इलियट

(B) प्लेटो, अरस्तू , लोंजाइनस, टी. एस. इलियट

(C) लोंजाइनस, टी. एस. इलियट, अरस्तू , प्लेटो

(D) टी. एस. इलियट, अरस्तू , लोंजाइनस, प्लेटो

**43.** कालक्रमानुसार निम्नलिखित निबंधकारों का सही अनुक्रम है

(A) विद्यानिवास मिश्र, गुलाबराय, हजारीप्रसाद द्विवेदी, अध्यापक पूर्णसिंह

(B) हजारीप्रसाद द्विवेदी, गुलाबराय, अध्यापक पूर्णसिंह, विद्यानिवास मिश्र

(C) अध्यापक पूर्णसिंह, हजारीप्रसाद द्विवेदी, गुलाबराय, विद्यानिवास मिश्र

(D) गुलाबराय, विद्यानिवास मिश्र , अध्यापक पूर्णसिंह, हजारीप्रसाद द्विवेदी

**44.** कालक्रमानुसार निम्नलिखित पाश्चात्य सिद्धांतों का सही अनुक्रम है

(A) रूपवाद, संरचनावाद, उत्तर आधुनिकतावाद, विखंडनवाद

(B) संरचनावाद,उत्तर आधुनिकतावाद,विखंडनवाद, रूपवाद

(C) उत्तर आधुनिकतावाद,रूपवाद,विखंडनवाद, संरचनावाद,

(D) विखंडनवाद, रूपवाद, संरचनावाद, उत्तर आधुनिकतावाद,

**45.** कालक्रमानुसार निम्नलिखित आचार्यों का सही अनुक्रम है

(A) पंडितराज जगन्नाथ, शंकुक, अभिनव गुप्त, भामह

(B) शंकुक, पंडितराज जगन्नाथ, अभिनव गुप्त, भामह

(C) अभिनव गुप्त, भामह, शंकुक, पंडितराज जगन्नाथ

(D) भामह, शंकुक, अभिनव गुप्त, पंडितराज जगन्नाथ

**46. स्थापना (A) :** कबीर के अलावा संत कवियों ने 'अजपा जाप' शब्द का अनेकश: प्रयोग किया है।

**तर्क (R) :** क्योंकि कबीर के अलावा सभी संत कवियों पर नाथ पंथी योगियों का गहरा प्रभाव है ।

सही विकल्प बताइए :

(A) A और R दोनों गलत

(B) A सही R गलत

(C) A गलत R सही

(D) A और R दोनों सही

47. **स्थापना (A) :** अति यथार्थवाद का विश्व साहित्य एवं कला पर व्यापक प्रभाव पडा है।

**तर्क (R)** : सिर्फ सिनेमा जगत इस प्रभाव से अछूता रहा।

सही विकल्प बताइए :

(A) A और R दोनों सही

(B) A और R दोनों गलत

(C) A सही R गलत

(D) A गलत R सही

48. **स्थापना (A) :** अनुभूति मन की वह क्रिया है जो बाह्य वस्तुओं के सुख दु:खात्मक प्रभाव की संवेदना जगाती है।

**तर्क (R)** : क्योंकि अनुभूति में जो सुख-दु:खात्मक बोध होता है वह तीखा और बहुत कुछ निजी होता है।

सही विकल्प बताइए :

(A) A और R दोनों सही

(B) A और R दोनों गलत

(C) A सही R गलत

(D) A गलत R सही

49. **स्थापना (A) :** भरत मुनि के अनुसार नाटक का मुख्य प्रयोजन है लोक का मनोरंजन करना तथा शोक पीड़ित एवं परिश्रांत जनों को विश्रांति प्रदान करना।

**तर्क (R)** : क्योंकि भरत के पूर्व नाट्य साहित्य पर जो भी ग्रंथ है उनमें भी उक्त प्रयोजनों की ही चर्चा है।

सही विकल्प बताइए :

(A) A और R दोनों सही

(B) A और R दोनों गलत

(C) A सही R गलत

(D) A गलत R सही

50. **स्थापना (A) :** कल्पना के विषय में आचार्य रामचन्द्र शुक्ल की अवधारणाएँ पूरी तरह मौलिक हैं।

**तर्क (R)** : क्योंकि आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार काव्य में सारा अप्रस्तुत विधान कल्पना द्वारा ही संभव होता है।

सही विकल्प बताइए :

(A) A और R दोनों सही

(B) A और R दोनों गलत

(C) A सही R गलत

(D) A गलत R सही

**51. स्थापना (A) :** अलंकारवादी आचार्यों ने अपने ग्रन्थों में रस का स्वतंत्र रूप से उल्लेख न करके उसे काव्य प्राणभूत अलंकार का ही एक प्रकार माना है।

**तर्क (R) :** क्योंकि उनके यहाँ रसवत, प्रेयस्वत, ऊर्जास्वित, और समाहित आदि अलंकारों के भीतर ही रस और भाव के समग्र विषय आ गए हैं।

सही विकल्प बताइए :

(A) A और R दोनों सही

(B) A और R दोनों गलत

(C) A सही R गलत

(D) A गलत R सही

**52. स्थापना (A) :** जहाँ भगवान की भक्ति प्रभु के अनुग्रह पर अवलंबित होती है, उसे पुष्टि मार्ग कहते हैं।

**तर्क (R) :** इसे दूसरे शब्दों में वल्लभ संप्रदाय भी कहा जाता है।

सही विकल्प बताइए :

(A) A और R दोनों सही

(B) A और R दोनों गलत

(C) A सही R गलत

(D) A गलत R सही

**53. स्थापना (A) :** नामवर सिंह ने प्रेमचंदोत्तर कई कथाकारों में आदर्शोन्मुख यथार्थवाद का आकलन किया है।

**तर्क (R) :** क्योंकि आदर्शोन्मुख यथार्थवाद शब्द की उद्भावना प्रेमचंद पहले ही कर चुके थे।

सही विकल्प बताइए :

(A) A और R दोनों सही

(B) A और R दोनों गलत

(C) A सही R गलत

(D) A गलत R सही

**54. स्थापना (A) :** आदिम साम्यवाद एक शोषण रहित समाज था क्योंकि उस समय उत्पादन के साधनों पर सामूहिक स्वामित्व था।

**तर्क (R) :** इसीलिए मार्क्सवादियों के लिए आज भी आदिम साम्यवाद एक आदर्श समाज है और उनका अभिप्रेत भी।

सही विकल्प बताइए :

(A) A और R दोनों सही

(B) A और R दोनों गलत

(C) A सही R गलत

(D) A गलत R सही

**55. स्थापना (A) :** आलोचनात्मक यथार्थवाद को मार्क्सवादियों ने बुर्जुआ यथार्थवाद कहा है।

**तर्क (R) :** क्योंकिआलोचनात्मक यथार्थवाद जीवन के अंतविरोधोंका आलोचनात्मक दृष्टि से विश्लेषित करता है किन्तु उनमें निहित किसी रचनात्मक संभावना को संकेतित नहीं करता।

सही विकल्प बताइए :

(A) A और R दोनों सही

(B) A और R दोनों गलत

(C) A सही R गलत

(D) A गलत R सही

**56.** निम्नलिखित नाटकों को उनके नाटककारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (a) कोणार्क | (i) उपेन्द्रनाथ अश्क |
| (b) लहरों के राजहंस | (ii) ज्ञानदेव अग्निहोत्री |
| (c) अंजो दीदी | (iii) जगदीशचंद्र माथुर |
| (d) नेफ़ा की एक शाम | (iv) रमेशचंद्र शाह |
| | (v) मोहन राकेश |

सही विकल्प बताइए :

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (iv) | (v) |
| (B) | (iii) | (v) | (i) | (ii) |
| (C) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (D) | (v) | (iv) | (iii) | (ii) |

**57.** निम्नलिखित लेखिकाओं को उनकी रचनाओं के साथ सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (a) ममता कालिया | (i) आओ पेपे घर चलें |
| (b) मृदुला गर्ग | (ii) कर्क रेखा |
| (c) शशिप्रभा शास्त्री | (iii) एक नौकरानी की डायरी |
| (d) प्रभा खेतान | (iv) एक पत्नी के नोट्स |
| | (v) कठगुलाब |

सही विकल्प बताइए :

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (v) | (ii) | (i) |
| (C) | (v) | (iv) | (i) | (ii) |
| (D) | (iii) | (ii) | (i) | (v) |

**58.** निम्नलिखित एकांकियों को उनके एकांकीकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (a) बादल की मृत्यू | (i) जगदीशचंद्र माथुर |
| (b) भोर का तारा | (ii) भुवनेश्वर |
| (c) स्ट्राइक | (iii) उपेन्द्रनाथ अश्क |
| (d) जोंक | (iv) रामकुमार वर्मा |
| | (v) विनोद रस्तोगी |

सही विकल्प बताइए :

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (iv) | (iii) | (i) |
| (B) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (C) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (D) | (ii) | (iv) | (i) | (v) |

**59.** निम्नलिखित गीति नाट्यों को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (a) एक कंठ विषपायी | (i) जयशंकर प्रसाद |
| (b) अंधायुग | (ii) उदयशंकर भट्ट |
| (c) करुणालय | (iii) भगवतीचरण वर्मा |
| (d) मत्स्यगंधा | (iv) दुष्यंत कुमार |
| | (v) धर्मवीर भारती |

सही विकल्प बताइए :

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (v) | (i) | (ii) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (v) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (D) | (iii) | (i) | (iv) | (v) |

**60.** निम्नलिखित कवियों को उनकी रचनाओं के साथ सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (a) प्रसाद | (i) कुकुरमुत्ता |
| (b) महादेवी वर्मा | (ii) असाध्य वीणा |
| (c) निराला | (iii) पल्लव |
| (d) अज्ञेय | (iv) यामा |
| | (v) आँसू |

सही विकल्प बताइए :

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (v) | (iv) | (i) | (ii) |
| (C) | (ii) | (iv) | (i) | (v) |
| (D) | (iii) | (ii) | (v) | (iv) |

**61.** निम्नलिखित आत्मकथाओं को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (a) स्वदेश दीपक | (i) जूठन |
| (b) मोहनदास नैमिशराय | (ii) मुर्दहिया |
| (c) ओमप्रकाश वाल्मीकि | (iii) मैंने मांडू नहीं देखा |
| (d) तुलसीराम | (iv) अपने अपने पिंजरे |
| | (v) मेरा बचपन मेरे कंधों पर |

सही विकल्प बताइए :

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) |
| (D) | (iv) | (v) | (i) | (ii) |

**62.** निम्नलिखित उपन्यासों को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (a) सेवासदन | (i) जैनेन्द्र कुमार |
| (b) तितली | (ii) भगवतीचरण वर्मा |
| (c) त्यागपत्र | (iii) इलाचन्द्र जोशी |
| (d) चित्रलेखा | (iv) प्रेमचंद |
| | (v) जयशंकर प्रसाद |

सही विकल्प बताइए :

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (B) | (iv) | (v) | (i) | (ii) |
| (C) | (iii) | (ii) | (iv) | (v) |
| (D) | (ii) | (iii) | (v) | (i) |

**63.** निम्नलिखित निबंधकारों को उनकी रचनाओं के साथ सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (a) महादेवी वर्मा | (i) गेहूँ और गुलाब |
| (b) रामवृक्ष बेनीपुरी | (ii) ठेले पर हिमालय |
| (c) धर्मवीर भारती | (iii) शृंखला की कड़ियाँ |
| (d) विद्यानिवास मिश्र | (iv) अशोक के फूल |
| | (v) मेरे राम का मुकुट भीग रहा है |

सही विकल्प बताइए :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (v) | (ii) | (i) |
| (C) | (v) | (iii) | (i) | (iv) |
| (D) | (iii) | (i) | (ii) | (v) |

**64.** निम्नलिखित काव्यातरणों को उनके आचार्यों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (a) शब्दार्थौ साहितौ काव्यम् | (i) पंडितराज जगन्नाथ |
| (b) वाक्यम् रसात्मकं काव्यम् | (ii) मम्मट |
| (c) रमणीयार्थ प्रतिपादक: शब्द: काव्यम् | (iii) भामह |
| (d) तददोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलंकृती पुन:क्वापि | (iv) दंडी |
| | (v) विश्वनाथ |

सही विकल्प बताइए :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (v) | (i) | (ii) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iv) | (v) | (ii) | (i) |
| (D) | (v) | (i) | (ii) | (iv) |

**65.** निम्नलिखित विद्वानों को उनकी रचनाओं के साथ सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (a) अरस्तू | (i) दि वेस्ट लैंड |
| (b) इलियट | (ii) लिरिकल बैलेड्स |
| (c) वर्ड्सवर्थ | (iii) पेरी पोइतिकेस |
| (d) कोलरिज | (iv) ईस्थेटिक |
| | (v) बायोग्राफ़िया लिटरेरिया |

सही विकल्प बताइए :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (ii) | (v) |
| (B) | (v) | (iv) | (iii) | (i) |
| (C) | (i) | (ii) | (iv) | (v) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**66.** निम्नलिखित विचारकों को उनके सिद्धांतों से सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (a) अरस्तू | (i) अभिव्यंजनावाद |
| (b) लोंजाइनस | (ii) संप्रेषण सिद्धान्त |
| (c) क्रोचे | (iii) अनुकरण सिद्धान्त |
| (d) आई. ए. रिचर्डस् | (iv) औदात्य सिद्धान्त |
| | (v) निर्वैयक्तिकता का सिद्धान्त |

इनमें से सही विकल्प हैं :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (v) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (C) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**67.** निम्नलिखित विचारकों को उनके कथनों से सुमेलित कीजिए :

(a) प्लेटो (i) प्रतिभा सहज अर्थात् जन्मजात होती है ।

(b) अरस्तू (ii) मूल्य और संप्रेषण आलोचना के आधार स्तम्भ हैं।

(c) कोलरिज (iii) कला अंत:प्रज्ञा और अभिव्यंजना है ।

(d) आई. ए. रिचर्डस् (iv) काव्य का समाज पर घातक प्रभाव होता है

(v) कला जीवन की अनुकृति है ।

सही विकल्प बताइए :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (B) | (iv) | (v) | (i) | (ii) |
| (C) | (i) | (ii) | (iv) | (v) |
| (D) | (v) | (iv) | (iii) | (i) |

**68.** निम्नलिखित रचनाकारों को उनकी रचनाओं के साथ सुमेलित कीजिए :

(a) आई. ए. रिचर्ड्स् (i) एस्थेटिक्स

(b) क्रोचे (ii) ट्रेडीशन एंड इंडिविजुअल टेलेन्ट

(c) टी. एस. इलियट (iii) पोएटिक्स

(d) अरस्तू (iv) प्रिंसिपल्स ऑफ लिटरेरी क्रिटीसिज्म

(v) दि आर्ट ऑफ ड्रामा

इनमें से सही विकल्प हैं :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iv) | (v) | (i) |
| (C) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (D) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

**69.** निम्नलिखित काव्य पंक्तियों को उनके कवियों के साथ सुमेलित कीजिए :

(a) छोड़ द्रुमों की मृदु छाया, तोड़ प्रकृति से भी माया — (i) निराला

(b) रवि हुआ अस्त:, ज्योति के पत्र पर लिखा अमर रह गया–राम–रावण का अपराजेय समर — (ii) पंत

(c) चाह नहीं मैं सुरबाला के गहनों में गूँथा जाऊँ — (iii) अज्ञेय

(d) हम नदी के द्वीप हैं हम नहीं कहते कि हमको छोड़कर, स्रोतस्विनी बह जाए — (iv) माखनलाल चतुर्वेदी

(v) प्रसाद

सही विकल्प बताइए :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (v) | (iv) |
| (B) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (C) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (v) | (ii) | (iii) | (iv) |

**70.** निम्नलिखित पात्रों को उनकी रचनाओं के साथ सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (a) तुलसीदास | (i) लोई का ताना |
| (b) सूरदास | (ii) मानस का हंस |
| (c) कबीरदास | (iii) खंजन नयन |
| (d) श्रीकृष्ण | (iv) वयं रक्षाम: |
| | (v) अभिज्ञान |

सही विकल्प बताइए :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (i) | (v) |
| (B) | (v) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (C) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (D) | (iii) | (i) | (iv) | (v) |

**निर्देश :** निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़कर उससे संबंधित प्रश्नों (प्रश्न संख्या **71** से **75**) के उत्तरों के दिये गए बहु विकल्पों में से सही विकल्प का चयन करें।

समाज तथा सामाजिक,व्यक्ति सापेक्ष शब्द हैं, कारण, सामाजिक प्राणी के विकास के लिए समाज का आविर्भाव हुआ हैं तथा समाज के विकास के लिए व्यक्ति को अधिकार एवं सुविधाएँ प्राप्त हुई हैं। नागरिक शब्द केवल अपने शाब्दिक अर्थ में प्रयुक्त न होकर उतना व्यापक हो गया है कि उससे केवल नगर-निवासी का बोध न होकर न्याय और कानून-संबंधी अनेक अधिकार एवं सामाजिक उत्तरदायित्व से युक्त व्यक्ति का ज्ञान होता है। व्यक्ति, सामूहिक विकास को दृष्टि में रखते हुए शासित भी होता है और शासन में हस्तक्षेप तथा परिवर्तन करने का अधिकार भी। अत: उससे राजनीतिक अधिकार पृथक नहीं किए जा सकते । यदि कर लिए जाएँ तो समाज में उसका वही मूल्य होगा जो किसी मूक पशु का होता है जिसे मनुष्य अपनी सुविधा के लिए पालता है और इस प्रकार उसके जंगली जीवन को बलात कभी सामाजिक जीवन से जोड़ लेता है और कभी स्वयं ही उस बंधन को तोड डालता है।

**71.** 'सामाजिक प्राणी के विकास के लिए समाज का आविर्भाव हुआ है' – कहना किस बात को ध्वनित करता है ?

(A) व्यक्ति और समाज का संबंध अन्योन्याश्रित है

(B) व्यक्ति का जन्म समाज में ही होता है

(C) सभ्यता का विकास एक सतत प्रक्रिया है

(D) समाज में ही व्यक्ति विकास करता रहता है

**72.** नागरिक शब्द से किसका बोध होता है ?

(A) न्यायिक अधिकार प्राप्त व्यक्ति का

(B) नगर में रहनेवाले व्यक्ति का

(C) नागरिक अधिकार प्राप्त व्यक्ति का

(D) राजनीतिक अधिकार प्राप्त व्यक्ति का

**73.** नागरिक के राजनीतिक अधिकार छिन जाने से वह क्या बनाकर रह जाता है ?

(A) गूँगा जानवर (B) एक यंत्र

(C) असभ्य व्यक्ति (D) अपराधी

**74.** 'व्यक्ति से उसके राजनीतिक अधिकार पृथक नहीं किए जा सकते।' – से तात्पर्य है

(A) व्यक्ति को शिक्षा का मौलिक अधिकार है

(B) व्यक्ति को अपने देश में जमीन खरीदने का मौलिक अधिकार है

(C) व्यक्ति को अपना मत देने का मौलिक अधिकार है

(D) व्यक्ति को सार्वजनिक रूप से अपने विचार प्रकट करने का मौलिक अधिकार है

**75.** जंगली जीवन लेखक के लिए काम्य नहीं है, क्योंकि

(A) जंगली जीवन में कोई नागरिक कानून नहीं होते

(B) जंगली जीवन में प्रदूषण के लिए कोई जगह नहीं होती

(C) जंगली जीवन में हर प्राणी को साथ -साथ जीने का अधिकार मिला होता है

(D) जंगली जीवन में जीनेवाले प्राणी मूक होते हैं

**Space for Rough Work**

**Space for Rough Work**